आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने सर्किट हाऊस में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। वाराणसी आगमन पर मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र की समन्वय बैठक में भी शामिल हुए।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर होली, रमजान, और ईद सहित आगामी पर्वों को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि त्योहारों पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। सामाजिक सौहार्द् और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की एक भी हरकत बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने होलिका दहन समितियों और पीस कमेटियों की बैठकें अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिये। उन्होंने होली पर परिवहन निगम को अतिरिक्त बसें संचालित करने और बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया। मुख्यमंत्री की इस बैठक में जोन, रेंज, मण्डल और जिला स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

****

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरीका और इस्राएल के हवाई हमलों में मौत हो गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने भी खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। ईरान में 40 दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की गई है। एक रिपोर्ट–

खबरों के मुताबिक, ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत अमरीका और इस्राएल के संयुक्त हवाई हमले के बाद हुई है, जिसमें ईरानी सैन्य और सरकारी ठिकानों को निशाना बनाया गया। एक वरिष्ठ इस्राएली अधिकारी के अनुसार, खामेनेई का शव बरामद किया गया है। इससे पहले, ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के कार्यालयों के पास तेहरान समेत कई शहरों में विस्फोटों की खबर मिली। ईरान सरकारी मीडिया ने कम से कम दो सौ से अधिक लोगों की मौत और सात सौ से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना दी है। समाचार कक्ष से फरहत नाज।

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने वहां के रक्षा मंत्री और सैन्य प्रमुख की भी हवाई हमले में मौत हो जाने की जानकारी दी है।

****

पश्चिम एशिया में भारतीय दूतावासों ने भारतीय नागरिकों से ईरान पर अमेरीका और इस्राएल के हमले को देखते हुए परामर्शों का पालन करने की अपील की है। इन दूतावासों ने भारतीय नागरिकों से कहा है कि वे अनावश्यक आवाजाही से बचें। किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। एक रिपोर्ट–

इस्रायल में भारतीय दूतावास. 972–54–7520711 पर संपर्क किया जा सकता है। ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास का नंबर है. 989932179359. संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबूधाबी के भारतीय दूतावास का टोल–फ्री नंबर 800–46342 । सऊदी अरब के रियाद स्थित भारतीय दूतावास का नंबर है– 00–966–11–488–4697 । कतर की राजधानी दोहा स्थित भारतीय दूतावास का नंबर है– 00974–556–475–02 । कुवैत स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क के लिए हेल्पलाइन नंबर है–. 965–655–019–46 । बहरीन स्थित भारतीय दूतावास का नंबर है– 00–973–394–180–71 । समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।

****

वाराणसी में आज एक घंटे की निर्धारित समय अवधि में 2 लाख 51 हजार 4 सौ 46 पौधों का रोपण कर नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया गया। इससे पहले यह कीर्तिमान 1 लाख 53 हजार 9 सौ 81 पौधों का रोपण करने वाली चीन की एक कंपनी के नाम था। वाराणसी में पौधरोपण का यह कार्यक्रम सूजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित हुआ। पौधरोपण के इस विशेष अभियान में राज्य सरकार के कई विभागों के साथ ही सेना, पुलिस, एनडीआरएफ के जवानों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। गिनीज वर्ल्ड्स रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि ने पौधरोपण की गणना और पुष्टि के बाद वाराणसी के महापौर अशोक कुमार तिवारी को विश्व कीर्तिमान का प्रमाणपत्र प्रदान किया।

****

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय में फार्मासिस्ट के 5 सौ 60 पदों पर चयन के लिये विज्ञापन जारी कर दिया गया है। आवेदकों से 9 मार्च से 29 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गये हैं। आवेदन के लिए प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2025 वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे।

****

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–8 के अन्तिम मुकाबले में आज शाम कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत का सामना वेस्टइंडीज से होगा। दोनों टीमों के लिये यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण है। विजेता टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। मैच शाम 7 बजे से शुरू होगा।

****